उत्तर प्रदेश होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होमियोपैथी भवन
मो0नं0 : 7607355882
2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ–226018

पत्रांक 2983 / एच0एम0बी0 / 684/2021 दिनांक 21-2-2023

सेवा में,

प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,
बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त डी0एच0पी0 कालेज, उ0प्र0। (द्वारा बोर्ड वेबसाइट)

विषय- उ0प्र0 होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मासिस्ट पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2019-21 के द्वितीय वर्ष की परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि बोर्ड कार्यालय के पत्र दिनांक 25.01.2023 द्वारा डी0एच0पी0 शैक्षणिक सत्र 2019-21 में अध्ययनरत् छात्रा-छात्राओं के द्वितीय वर्ष की परीक्षा कराये जाने हेतु ऑनलाइन परीक्षा फार्म पोर्टल दिनांक 06.02.2023 से 10.02.2023 तक खोला गया था। तद्क्रम में डी0एच0पी0 संस्थाओं के कतिपय प्राचार्य/प्रबंधकों द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उनकी संस्था में कुछ छात्रों का परीक्षा फार्म पोर्टल नही खुलने के कारण नहीं भराया जा सका है। साथ ही फार्म भरने की तिथि को बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त के क्रम में डी0एच0पी0 संस्थाओं के पत्र एवं छात्र हित के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त डी0एच0पी0 कालेजों के प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि सत्र 2019-21 में अध्ययनरत् छात्रा-छात्राओं के द्वितीय वर्ष की परीक्षा कराये जाने हेतु पुनः परीक्षा फार्म पोर्टल **दिनांक 23.02.2023 से 26.02.2023** तक खोला जा रहा है। समस्त सम्बन्धित प्राचार्य/प्रबंधक उक्त अवधि में परीक्षा फार्म भराते हुए परीक्षा से सम्बन्धित समस्त औपचारिकताऐं पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण व समयबद्ध है। इस सम्बन्ध में यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही की जाती है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था के प्राचार्य/प्रबंधक का होगा।

21/02/2023
(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार।

<u>संख्या एवं दिनांक तद्दिनांक-</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. नियंत्रक, उ0प्र0 होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड, लखनऊ।
2. प्रबंधक, यू0पी0डेस्को, लखनऊ (ओमनीनेट, लखनऊ) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रोन्नत प्रमाण पत्र जारी किये गये कालेजों से सम्बन्धित छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक सत्र (बैच) 2019-21 के द्वितीय वर्ष का परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु ऑनलाइन परीक्षा फार्म पोर्टल **दिनांक 23.02.2023 से 26.02.2023** तक खोले जाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार।